दिन – रविवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 30 / 08 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि नशा मुक्त युवा फोर विकसित भारत अभियान पूरे देश में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में आज अपने विचार साझा करते हुए श्री मोदी ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि नशा मुक्त युवा और नशा मुक्त भारत केवल एक औपचारिकता नहीं है, क्योंकि बहुत सारे लोग और विशेषकर युवा बड़ी संख्या में इसका हिस्सा बन रहे हैं। यह भारत के युवाओं के स्वास्थ्य, खुशी और उज्ज्वल भविष्य के लिए सामूहिक संकल्प है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नशे की लत से केवल एक व्यक्ति पर ही दुष्प्रभाव नहीं पड़ता बल्कि पूरे परिवार और समाज को इसके परिणाम भुगतने पड़ते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से लाखों महिलाओं को नई शक्ति प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के इस पहलू पर खास चर्चा होनी चाहिए। श्री मोदी ने कहा कि लगभग 46 प्रतिशत महिलाएं पीएम स्वनिधि योजना की लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि देशभर की लगभग 35 लाख महिलाएं इस योजना से जुड़कर अपने कारोबार को आगे बढ़ा रही हैं।

श्री मोदी ने मिशन शक्तिसैट का जिक्र करते हुए कहा कि इस पहल से एक सौ आठ देशों की 12 हजार छात्राओं को उपग्रह प्रौद्योगिक सीखने और नवाचार के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि देश की बेटियों के सपनों की उड़ान धरती से निकलकर अंतरिक्ष तक पहुंच रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अगस्त का महीना अपने साथ देशभक्ति के कई रंगों को लेकर आया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हथकरघा दिवस और भारत छोड़ों आंदोलन की वर्षगांठ से लेकर विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस ने इस महीने को विशेष बनाया।

मन की बात में श्री मोदी ने आने वाले त्योहारों के दौरान लोगों से वोकल फॉर लोकल के आग्रह को आगे बढ़ाने की अपील भी की। श्री मोदी ने कहा कि कुछ दिनों बाद भारत में जन्माष्टमी और विश्वकर्मा पूजा पर्व मनाए जाएंगे। दिपावली भी कुछ महीनों में मनाई जाएगी और इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल का मतलब यह नहीं है कि आप केवल मिट्टी के दीए खरीदें। इसके पीछे बहुत व्यापक दृष्टि है। उन्होंने कहा कि भारत का आत्मनिर्भर बनने का मार्ग भारत में बने उत्पादों पर गर्व करने से ही प्रशस्त होगा।

मध्य नेपाल में अचानक आई भीषण बाढ़ की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर सात सौ चौंतीस हो गई है। आपदा के बाद से लगभग दो हजार पांच सौ लोग अभी भी लापता हैं। आपदा के पांचवें दिन भी बचावकर्मी लापता लोगों की तलाश और फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। इधर, नेपाल सरकार ने भोटे कोशी नदी में बाढ़ के लिए नया अलर्ट जारी किया है और नदी किनारे रहने वाले निवासियों से सतर्क रहने को कहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि नेपाल में अचानक आई बाढ़ की त्रासदी के बाद अब तक एक सौ 8 भारतीय नागरिकों को बचाया जा चुका है।

———————————————————————————

भारत बाढ़ प्रभावित नेपाल में राहत और बचाव कार्यों में लगातार सहयोग कर रहा है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ग्यारह टन राहत सामग्री लेकर चौथी उड़ान काठमांडू पहुंच चुकी है और राहत सामग्री नेपाल सरकार को सौंप दी गई है।

———————————————————————————

दक्षिण–पश्चिम मानसून की सक्रियता के कारण के प्रदेश के विभिन्न भागों में मध्यम से भारी बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग ने आज औरंगाबाद, गया और रोहतास जिले में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम भागों के अनेक स्थानों पर तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

——————————————————————————————————————

पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस मुठभेड़ में एक अपराधी अनीष कुमार घायल हो गया। जबकि एक अन्य अपराधी पीयूष कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि अपराधियों की ओर से करीब चालीस राउंड फायरिंग की गई। मौके से एक देशी कट्टा, दो देशी पिस्तौल, एक रायफल, एक देशी कार्बाइन जब्त किया गया है।

——————————————————————————————————————

समाप्त